Regarding need to address the problem of water-logging in Jhanjharpur Bazar in Jhanjharpur Parliamentary Constituency, Bihar-Laid

श्री रामप्रीत मंडल **(झंझारपुर) :** मेरे संसदीय क्षेत्र झंझारपुर (बिहार) में मात्र एक बड़ा शहर झंझारपुर बाजार है, यहाँ प्रति वर्ष बरसात के मौसम में जल जमाव की भीषण समस्या रहती है । वर्षो से इस समस्या के लिए सरकार काम तो करती है किंतु अभी तक यह समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई हैं । बरसात के समय लोगो को स्टेशन जाने में काफी कठिनाइयाँ होती हैं और व्यवसाय ठप पड़ जाता हैं । लोग बाजार में आ जा नहीं सकते हैं । मैं माननीय जल शक्ति मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि केंद्रीय सहायता योजना से झंझारपुर बाजार को जल जमाव से निजात दिलाने के लिए कोई कार्य योजना को जल्द से जल्द मंजूरी प्रदान करें ।